बसंत 2022 में गर्मी की लहर के कारण पंजाब में गेहूं की उपज 25% तक गिरी

केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान (सी आर आई डी ए), हैदराबाद, द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च और अप्रैल 2022 के दौरान गर्मी की लहर के कारण पंजाब के कई ज़िलों में गेहूं उपज 25% तक गिर गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि इससे एक और प्रमुख उत्पादक हरियाणा में गेहूं की उपज में 10-15% की कमी आई है।

रिपोर्ट 'गर्मी की लहर 2022 — कारण, प्रभाव और भारतीय कृषि के लिए आगे की राह' में उल्लेख किया गया है कि मार्च 2022 में अनुभव की गई असामान्य गर्मी की लहर के कारण पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई ज़िले प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए थे।

कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने अपनी 'रबी फसलों के लिए मूल्य नीति: विपणन मौसम 2023-24' में सी आर आई डी ए की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि 2022 में भारत में मार्च के दौरान अत्यधिक उच्च तापमान दर्ज किया गया, जिस कारण गर्मी की लहरें जल्दी फैल गईं। इन गर्म लहरों ने मार्च से मई तक पूरे उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के कई राज्यों को अपनी चपेट में ले लिया।

मार्च और अप्रैल के दौरान अत्यधिक तापमान के कारण शुष्क हवाएँ, उच्च वाष्पीकरण और नमी का तनाव हुआ, जिसने रबी की फ़सलों, विशेषकर गेहूँ पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। इसके अलावा, देर से बोई गई गेहूं की फ़सल (लगभग 60-70 लाख हेक्टेयर) प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई थी, सी ए सी पी ने सी आर आई डी ए रिपोर्ट का हवाला देते हुए उल्लेख किया है।

तापमान बढ़ने से गेहूं के दाने पीले पड़े, सिकुड़ गए और समय से पहले पक गए जिस कारण पंजाब में उपज में 25% तक और हरियाणा में 10-15% तक की कमी हुई। तापमान बढ़ने के कारण मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को भी गेहूं की उपज में कमी का सामना करना पड़ा।

अत्यधिक तापमान के कारण चना, मक्का और सरसों जैसी अन्य फसलों पर भी बुरा प्रभाव पड़ा। सी ए सी पी ने 2023-24 के लिए अपनी रबी मूल्य नीति में कहा है कि पूरे भारत में अत्यंत तीव्र मौसम की घटनाएं देखी जा रही हैं, जो टिकाऊ कृषि विकास को प्राप्त करने के लिए एक कड़ी चुनौती पेश करती हैं।